समारोह — नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह

# 174 पशु चिकित्सकों ने ली सेवा और समर्पण की शपथ



**नवभारत,जबलपुर।** पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर का सभागार उत्साह, गर्व और भावनाओं से सराबोर नजर आया, जब नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के 174 इंटर्न छात्र-छात्राओं ने अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत शपथ लेकर की। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ आर.के. खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी.के. मिश्रा तथा अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा मौजूद रहे। इनके साथ कुलसचिव डॉ एस.एस. तोमर और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्रा भी मंचासीन थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की डायरेक्टरी, वार्षिक रिपोर्ट और एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### पांच वर्षों की कठिन मेहनत का परिणाम

अपने संबोधन में प्रो. मनदीप शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि पांच वर्षों की कठिन मेहनत का परिणाम है और अब ये छात्र राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि डॉ आर.के. खंडेलवाल ने छात्रों को इंटर डिसिप्लिनरी सहयोग और गहरी मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करने की सलाह दी।कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### शपथ के हर शब्द में जिम्मेदारी का एहसास

जैसे ही प्रो. मनदीप शर्मा ने छात्रों को शपथ दिलाई, सभागार में एक साथ उठे हाथों ने सेवा, नैतिकता और करुणा के संकल्प को साकार कर दिया। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे पशुओं के उपचार एवं देखभाल में पूरी जिम्मेदारी, करुणा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस दौरान कई अभिभावकों की आंखें गर्व से नम दिखाई दीं।

### छात्र- छात्राओं को प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान

मंचासीन अतिथियों द्वारा जबलपुर महू तथा रीवा कॉलेज के अधिकतम अंक अर्जित किए व प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए पास आउट छात्र- छात्राओं को प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिसमें जबलपुर इशिता बैस, जानवी परिहार तथा हर्षित तिवारी। महू कॉलेज से कौस्तुभ, लिली वर्मा,मीनाक्षी तथा रीवा वेटरनरी कॉलेज से दीपाली तिवारी, शशीकांत सैनी ,अभिषेक यादव, प्रीति रहे। यह पल पूरे सभागार के लिए तालियों से गूंज उठा।

### इनका कहना है



यह उपलब्धि मेरे लिए बहुत खास है। मैंने हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश की। परिवार और शिक्षकों का मार्गदर्शन हमेशा साथ रहा। अब मेरा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाऊं।

**कौस्तुभ सरवटे ( प्रथम स्थान )**



यह सफर आसान नहीं था, लेकिन हर चुनौती ने मुझे मजबूत बनाया। आज शपथ लेते समय लगा कि अब जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मैं पशुपालकों के बीच जागरूकता फैलाने पर काम करना चाहती हूं।

**लीली वर्मा ( द्वितीय स्थान )**



मैं बेहद खुश और भावुक हूं। यह सिर्फ मेरी नहीं, मेरे परिवार और गुरुओं की जीत है। आगे मैं रिसर्च के क्षेत्र में काम कर पशु चिकित्सा में नई संभावनाएं तलाशना चाहती हूं।

**मीनाक्षी उपाध्याय ( तृतीय स्थान )**



# तप कर सोना बनता है कुंदन, मेहनत से मिलती है सफलता : डीआईजी

**एसपी की पाठशाला से चमके 63 अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान**

**नवभारत,जबलपुर।** जैसे आग में तप कर सोना कुंदन बनता है वैसे ही आप भी यहां तक कड़ी मेहनत करके पहुंचे है। प्रतियोगी परिक्षाओं में जो सफल हुये हैं, सभी को बधाई, जो सफल नहीं हो पायें है निराश न हों, लगन से मेहनत करते रहें सफलता जरूर मिलेगी। यह बातें पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस की अभिनव पहल एसपी की पाठशाला से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित 63 प्रतिभावान अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए कहीं। उन्होंने सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि हम और प्रयास कर रहें है कि पुलिस परिवार एवं गरीब तपके के ऐसे बच्चें जो प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे है सभी को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा प्लेटफार्म मिले। पुलिस लाईन में संचालित नि:शुल्क कोचिंग एसपी की पाठशाला वर्ष 2020 से संचालित है, जिसमें पुलिस परिवार एवं गरीब बच्चों को नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं शारीरिक मैदानी प्रशिक्षण दिया जाता है। एसपी की पाठशाला के तहत पुलिस लाईन में संचालित नि:शुल्क कोचिंग से प्रतियोगी परीक्षा मध्य प्रदेश पुलिस, अर्धसैनिक बल, बैंक व शिक्षा विभाग में 63 चयनित हुये अभ्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

एस.पी. की पाठशाला में रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के व्याख्याता डॉ. आशीष यादव द्वारा नागरिक शास्त्र, सहकारिता विभाग के विकास तिवारी द्वारा इतिहास, भारतीय रेल्वे विभाग के कमलेश इंगले द्वारा एडवांस मैथ्स, रेल्वे विभाग के नीलेश इंगले द्वारा रीजनिंग, धारा कम्पनी मे कार्यरत आशीष साहू द्वारा सामान्य अंग्रेजी, रोहित कुशवाह द्वारा अर्थशास्त्र का तथा अंकित चक्रवर्ती द्वारा योगा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य एवं सभी प्रशिक्षक एवं चयनित अभ्यार्थी एवं चयनित अभ्यार्थियों के परिजन उपस्थित रहे।

### अब तक कुल 309 अभ्यर्थी शासकीय सेवा में चयनित

वर्ष 2021 में 8 अभ्यार्थी, वर्ष 2022 में 41 अभ्यार्थी, वर्ष 2023 में 32 अभ्यार्थी, वर्ष 2024 में 43 अभ्यार्थी, वर्ष 2025 में 102 अभ्यार्थी, तथा वर्ष 2026 में अब तक 83 अम्यार्थी इस प्रकार वर्ष 2021 से अब तक कुल 309 अभ्यार्थी शासकीय सेवा में चयनित हुये है।

## एक नजर में



### आलोक की कृति 'रामहि केवल प्रेम पियारा' का लोकार्पण

**नवभारत,जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा मां नर्मदा के पावन स्थल में आयोजित राम कथा के विश्राम दिवस पर 'रामहि केवल प्रेम पियारा' आलोक पाठक की कृति का विमोचन तुलसी पीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने किया। महाराज जी ने कृति को माथे से लगाते हुए कहा कि राम की लीला अपरंपार है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की त्रैमासिक पत्रिका 'सनाढ्य संगम' राजेश पाठक प्रवीण ने महाराजश्री को अर्पित की। रामकथा में युवराज रामचंद्र दास, जगतगुरु राघव देवाचार्य जी महाराज,जगतगुरु डॉ.नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज,स्वामी गिरीशानंद जी महाराज मंचासीन थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र जामदार, सचिव अखिल मिश्रा,समरसता सेवा संगठन के संस्थापक संदीप जैन, विलोक पाठक, पवन पांडे,मनोज सेठ विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन डॉ. बृजेश दीक्षित ने किया



### डॉ. आम्बेडकर व महात्मा फुले की मनाई संयुक्त जयंती

**नवभारत,जबलपुर।** बोधित्सव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव एवं महिला समिति जबलपुर द्वारा हाईकोर्ट स्थित डॉ. आम्बेडकर चौक पर विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की 135वीं एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खुनी निम्मलमेत्ता (नागपुर) द्वारा भगवान गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अपूर्वानंद (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए, जबकि विशिष्ट अतिथि विजय सुरवाड़े (लेखक, साहित्यकार, चिंतक, मुंबई) ने डॉ. आम्बेडकर एवं महात्मा फुले के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विजय सुरवाड़े द्वारा 10वीं एवं 12वीं के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने 75 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्हें डॉ. आम्बेडकर की शील्ड एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवराव मेश्राम ने की तथा उन्होंने सभी को जयंती की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक जे. पी. नन्हेंट बौद्ध ने किया। समापन पर उपस्थित उपासक-उपासिकाओं को बूंदी, सेब एवं खीर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेडे, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा वालके, सुनीता शेन्डे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु, देवेन्द्र मडके सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेग वाहन शोभायात्रा

**नवभारत,जबलपुर।** म.प्र. प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के अवसर पर प्रस्तावित 'विराट वाहन शोभायात्रा' की तैयारियों को लेकर माँ बाला दुर्गा मंदिर, त्रिमूर्ति नगर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और कानूनी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एडवोकेट असीम त्रिवेदी ने महासभा की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कहा कि 'यूजीसी का मुद्दा अभी समाप्त नहीं हुआ है, महासभा सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से पक्ष रख रही है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।' उन्होंने समाज में एकता और समरसता बनाए रखने पर भी जोर दिया। इसी अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के उद्देश्य से शीघ्र ही साप्ताहिक 'संस्कार शिविर' शुरू किए जाएंगे। बैठक में नगर पंडित सभा के महामंत्री शैलेन्द्र तिवारी, संजय उपाध्याय, अखिलेश दीक्षित, श्रीराम शुक्ला, उपेंद्र शर्मा, ज्ञानार्जन पाण्डेय, एड. रीतेश शर्मा, रविंद्र पचौरी एवं डॉ. मुकेश पाण्डेय सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। सभी ने समाज से एकजुट होकर शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

# हिंदुत्व के लिए एकत्रित हुए प्रदेश भर के संत

**अखिल भारतीय संत समिति की प्रदेश इकाई की बैठक आयोजित**



**नवभारत, जबलपुर।** नृसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में अखिल भारतीय संत समिति की प्रदेश इकाई की बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से संत शामिल हुए। बैठक का नेतृत्व राष्ट्रीय महामंत्री दंडी स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने किया। जितेन्द्रानंद सरस्वती ने हिंदू धर्म के खिलाफ किसी भी प्रकार के छल को अस्वीकार्य बताते हुए जनगणना में हिंदुओं की संख्या कम करने के कथित षड्यंत्र पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वनवासी, जनजाति और पिछड़े वर्गों को 'अन्य' धर्म चुनने के लिए प्रलोभन दिया जा रहा है, जिससे हिंदुत्व की संख्यात्मक शक्ति प्रभावित हो सकती है। संत समाज से इसके विरोध में मुखर होने का आह्वान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नृसिंह देवाचार्य ने हिंदुत्व की रक्षा के लिए संतों की एकजुटता पर जोर दिया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में महामंडलेश्वर हनुमानदास, हरिगिरी, केशव गिरी, बासुदेवानंद (छिंदवाड़ा), हनुमानदास (होशंगाबाद) और अनिलानंद (भोपाल) सहित कई संत उपस्थित रहे। संतों ने गौरक्षा और सामाजिक समरसता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

### लोक निर्माण मंत्री आज विविध कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शुक्रवार 17 अप्रैल को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह सुबह 11.30 बजे मदन महल नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आमजनों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगें तथा दोपहर 2.15 बजे शास्?त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर में नरसिंह मंदिर महाराज की पुण?यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री दोपहर 2.30 बजे पिसनहारी की मढ़िया के सामने तथा दोपहर 3 बजे धनवंतरी नगर में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण करेंगे। श्री सिंह शाम 5 बजे सिहोरा के खितौला में रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण करेंगें तथा शाम 6 बजे मझौली के इन्द्राना कापा में श्री श्री 1008 बाल संत जू महाराज से भेंट करेंगे।

# मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जारी किए महंगाई भत्ते के आदेश

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों को महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में वृद्धि का आदेश जारी किया गया है । पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने म?य प्रदेश शासन, वित्त विभाग के परिपत्र के अनुरूप जारी आदेश के अनुसार, सातवें वेतनमान अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्तमान में देय 55% महंगाई भत्ते में 3% की वृद्धि की गई है, जिससे कुल महंगाई भत्ता 58% हो गया है। यह वृद्धि 01 जुलाई 2025 से प्रभावशील मानी जाएगी।

उक्त अवधि (01 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026) का एरियर भुगतान 06 समान किश्तों में किया जाएगा। इसी प्रकार, पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को भी महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ प्रदान किया गया है। आदेशानुसार 1 जनवरी 2026 से छठवें वेतनमान में 5% तथा सातवें वेतनमान में 3% की वृद्धि की गई है, जिसके फलस्वरूप छठवें वेतनमान में महंगाई राहत 257% एवं सातवें वेतनमान में 58% हो गई है। कंपनी द्वारा जारी निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन पर भी महंगाई राहत देय होगी तथा गणना संबंधी प्रावधान नियमानुसार लागू रहेंगे । उक्त निर्णय से कंपनी के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा ।

# विराट शर्मा, प्रिया सिंह ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जबलपुर, नवभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित डब्ल्यू.एस.ई.सी. केजी हाई स्कूल, सत्र 2025-26 के कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम कुल 95.3 प्रतिशत रहा, जो कि एक उत्कृष्ट उपलब्धि मानी जा रही है। विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विराट शर्मा ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं प्रिया सिंह चौहान ने 92.2% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा आदित्य जायसवाल ने 91.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान, ज्योति पटेल 91% , कनक सिंह राजपूत 90%, देव रैकवार 89.6% प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया।

### रोजगार मेले में 119 आवेदकों का हुआ चयन

**नवभारत,जबलपुर।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में तथा जिला प्रशासन जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय जबलपुर द्वारा 'युवा संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 8 कंपनियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 206 इच्छुक आवेदकों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए योग्यता के आधार पर कुल 119 आवेदकों का प्राथमिक चयन सुनिश्चित किया गया है।



# रैम्स पर संरक्षा सेमिनार का हुआ सफल आयोजन

**नवभारत,जबलपुर ।** पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल मे गुरुवार को रैम्स ( रिलायबिलिटी, अवेलेबिलिटी, मैंटेनेबिलिटी और सेफ्टी ) विषय पर एक दिवसीय संरक्षा सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज गुरुमुखि, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी पश्चिम मध्य रेल के मार्गदर्शन में किया गया। सेमिनार में भारतीय रेल की नेशनल रेल प्लान विजन 2050 पर भी चर्चा की गई। इसमें यह रेखांकित किया गया कि भारतीय रेल राष्ट्र की जीवन रेखा है और संरक्षा, समय पालन एवं व्यवसायिक विकास इसके प्रमुख ध्येय हैं। सेमिनार में यह भी स्पष्ट किया गया कि संरक्षा केवल तकनीकी मानकों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संपूर्ण सत्र रिकॉर्ड किया गया ताकि भविष्य में प्रशिक्षण एवं संदर्भ हेतु इसका उपयोग किया जा सके।

सम्मान — कलेक्टर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं



**नवभारत,जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की राज्य तथा जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए शासकीय मॉडल स्कूल में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह गहलोत उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जिले के प्रगतिशील परीक्षा परिणामों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 73.42 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 77.26 प्रतिशत रहा है, जिसमें शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन विशेष रूप से उत्कृष्ट रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर अध्ययनशील रहते हुए राष्ट्र एवं समाज के उत्थान में योगदान देने तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थियों को भी निराश न होकर पुन: पूर्ण मनोयोग एवं कठिन परिश्रम के साथ प्रयास करने की सीख दी।

### मेरिट के 12 तथा जिला स्तरीय सूची के 27 विद्यार्थी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त 12 तथा जिला स्तरीय सूची के 27 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शहर के इन होनहारों ने भी मारी बाजी



सोनाक्षी अग्रवाल, दसवीं 97.8%
पेरेंट्स सृष्टि - शिरीष अग्रवाल



शिवानी त्रिपाठी, ( सीबीएसई दसवीं ) 96.1%
पेरेंट्स शोभना-मृदुल त्रिपाठी



आदया साहू, दसवीं
91.2 %



योगिता मिश्रा , 12वीं 83.6%
पेरेंट्स नीलम-उपेन्द्र मिश्रा